दिनांक 16.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की पहली मेडिकल यूनिट पहुंची निगम, आयुक्त ने किया निरीक्षण, सभी प्रकार के प्राथमिक जांच की होगी सुविधा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत शीघ्र ही किया जाना है , योजना के तहत आधुनिक मेडिकल मोबाइल यूनिट का एक वाहन आज निगम परिसर में पहुंचा! जिसका निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निरीक्षण किया! वाहन एजेंसी के संचालक ने वाहन में बुखार , बीपी, शुगर की जांच, चोट लगने पर मरहम पट्टी लगाने , दवाईयां मिलने वाली सभी प्रकार के सुविधाओं से अवगत कराया। निगम क्षेत्र के नागरिकों को उनकी बस्ती , मोहल्ला, पारा में ही चिकित्सा की उन्नत सेवा मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से मिलेगी। मेडिकल मोबाइल यूनिट के बाहर लगे हुए स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता के लिए विडियों प्रदर्शित की जाएगी! मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आम नागरिकों को उनके मोहल्ले में ही जाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से इलाज किया जाएगा। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने मेडिकल वाहन में फार्मेसी , दवाईं एवं जांच करने सहित तमाम सुविधाओं का जायजा लिया।

मेडिकल मोबाइल यूनिट में स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए होंगी तमाम सुविधाएं मेडिकल मोबाइल यूनिट बस में डाॅक्टर , नर्स, लैब टेक्निशियन व फार्मासिस्ट उपलब्ध होंगे जो शिविर को संचालित करेंगे। सभी के लिए अलग से केबिन बनाया गया है। मेडिकल यूनिट प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में शिविर लगाएगी जहां प्राथमिक उपचार किए जाएंगे। इसमें सर्दी , खांसी, बुखार, टीबी, टाईफायड, डेंगू, मलेरिया जैसी वायरल बीमारियों की पैथोलाॅजी में जांच कर निःशुल्क दवाई दिए जाएंगे साथ ही बीपी एवं शुगर की जांच की सुविधा भी होगी। शिविर में किसी प्रकार से चोटिल या घाव वाले मरीजों की मरहम पट्टी भी किया जाएगा। वाहन के बाहर एक एलईडी टीवी स्क्रीन लगा हुआ है जिसमें संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता के लिए विडियों प्रदर्शित किया जाएगा। वाहन में जीपीएस सिस्टम कनेक्टेड कैमरा लगा हुआ है, जिससे मेडिकल यूनिट कहां पर है इसकी माॅनिटरिंग की जाएगी। भिलाई निगम क्षेत्र के लिए तीन मेडिकल मोबाइल यूनिट आनी है जिसमें से एक पहुंच चुकी है! जल्द ही मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से लोगों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान किया जाएगा!